कोरोना योद्धाओं को दिए मास्क

आरजीआईपीटी ने डाक्टरों व पुलिसकर्मियों को दिया सैनिटाइजर

अमृत विचार जायस, अमेठी

कोरोना वायरस के सामुदायिक स्तर पर फैलाव को रोकने के उद्देश्य से आरजीआईपीटी ने गुरुवार को क्षेत्र के डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मियो, पुलिसकर्मियो व पत्रकारो को कोरोना से बचाव के लिए मास्क व सैनिटाइजर उपलब्ध कराया। साथ ही आम लोगों के बीच कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कोरोना योद्धाओं को पोस्टर भी उपलब्ध कराए।

इसके अंतर्गत संस्थान ने बहादुरपुर पुलिस चौकी, जायस पुलिस थाना, फुरसतगंज पुलिस थाना व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी को लगभग 45 लीटर हैंड सैनिटाइजर एवं 800 मास्क उपलब्ध कराए। संस्थान के निदेशक आचार्य अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि आरजीआईपीटी एक संवेदनशील शैक्षणिक संस्थान है और हमारा संस्थान इस राष्ट्रीय आपदा के समय क्षेत्र की जनता के मदद के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी इसी प्रतिबद्धता पर कार्य करते हुए संस्थान ने क्षेत्र के कोरोना योद्धाओ, डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मियो, पुलिसकर्मियो एवं पत्रकारो को कोरोना से बचाव के लिए मास्क एवं हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध कराने की पहल शुरू की है। इस मौके पर संस्थान के अधिष्ठाता डॉ. उमाप्रसन्न ओझा, कुलसचिव जितेन्द्र प्रसाद, सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा एवं अंकित पचौरी आदि उपस्थित रहे।

मास्क व सैनिटाइजर पुलिसकर्मियो व डाक्टरो को वितरण करते अखौरी सुधीर कुमार सिंहा।